

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

## गुजराती फिल्मों में काम करना पसंद करेंगे
# श्रेयस तलपड़े

अभिनेता ने विपुल मेहता की गुजराती फिल्म %चाल जीवी लाइए% की सफलता का जश्न मनाने के लिए हुई पार्टी के दौरान मीडिया से बात की। हिंदी और मराठी फिल्मों में काम कर चुके श्रेयस से जब पूछा गया कि क्या वह गुजराती फिल्मों में काम करना पसंद करेंगे तो उन्होंने कहा, बिल्कुल। भाषा मेरे लिए कभी बाधा नहीं बनी। अगर कोई दिलचस्प पटकथा या भूमिका मुझे मिलती है तो मैं गुजराती फिल्म का हिस्सा बनना चाहूंगा। बल्कि, एक समय था जब मैं एक गुजराती फिल्म करने वाला था। यह मेरी पहली हिंदी फिल्म %इकबाल% की रिलीज के पहले की बात है लेकिन चीजें ठीक नहीं रहीं और ऐसा नहीं हो सका।

गुजराती फिल्म का निर्देशन करने की संभावना के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, मैं निर्देशन के बजाय अभिनय करना ज्यादा पसंद करूंगा। मैं निर्देशन तभी करूंगा जब मैं गुजराती फिल्मों को अच्छे से समझने लगूंगा लेकिन मैं निश्चित रूप से गुजराती फिल्म का निर्माण करना चाहूंगा। अगर ये फिल्में 50 करोड़ की कमाई कर रही हैं तो फिर भला कौन उनका निर्माण नहीं करना चाहेगा।

## सारा अली खान और सुशांत सिंह राजपूत के रिश्ते में आई दरार?

केदरानाथ से सुशांत सिंह राजपूत के ऑपोजिट सारा अली खान में बॉलिवुड में डेब्यू किया। हाल ही में सुशांत सिंह राजपूत और सारा अली खान की डेटिंग की खबरें सुनने को मिलीं और इस खबर को ज्यादा वक्त नहीं बीता कि अब कहा जा रहा है कि दोनों स्टार्स के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा।

इस सबकी शुरुआत वहां से हुई जब सुशांत ने अपने इंस्टाग्राम पेज से सबकुछ डिलीट कर दिया। इसके बाद खबर आई कि उन्होंने सारा को अनफॉलो कर दिया है और यह ठीक उसी पैटर्न पर था जैसा कि उन्होंने अपनी कथित एक्स गर्लफ्रेंड कृति सेनन से अलग होने के बाद किया था। रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि सारा और सुशांत के बीच डिफरेंस की मुख्य वजह ऐक्ट्रेस को ओवर पजेसिव होना है। खबरों की मानें तो कथित तौर पर सारा सुशांत की हर गतिविधियों पर नजर रखने की कोशिश करती थीं। कहा जा रहा है कि यही डिफरेंस धीरे-धीरे बढ़ता गया और इसे सुलझाने के लिए दोनों में से किसी ने भी पहला कदम आगे बढ़ाने की कोशिश नहीं की।वैसे इन दिनों सारा की कार्तिक आर्यन के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। दरअसल दोनों इन दिनों लव आज कल 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं।


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



## इनाया बहुत शरारती, चंचल बच्ची है : सोहा

अभिनेत्री सोहा अली खान का कहना है कि उनकी दो वर्षीय बेटी इनाया नौमी खेमू बहुत शरारती और चंचल बच्ची है और उन्हें लगता है कि उनकी बेटी के गुण उनके अभिनेता पति कुणाल खेमू से बहुत मिलते हैं। सोहा ने मीडिया से यह बात सोमवार को क्लासमेट स्पेल बी सीजन 11 के लांच पर कहीं।

सोहा और कुणाल खेमू की बेटी इनाया अपने ममेरे भाई तैमूर अली खान की तरह ही इंटरनेट पर काफी लोकप्रिय है। इनाया की परवरिश के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सभी बच्चों को शरारती होना चाहिए। मुझे चंचल बच्चे पसंद हैं और इनाया बहुत शरारती और चंचल बच्ची है। हमें अभी भी उसके व्यक्तित्व के विभिन्न पहलू पता चल रहे हैं और मुझे लगता है कि उसके अंदर कुणाल के बहुत लक्षण दिखने वाले हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रयोग करने के सवाल पर उन्होंने कहा, हां, मैं इसकी कोशिश कर रही हूं क्योंकि यह वास्तव में नया और अलग प्लेटफॉर्म है और यह आपको मनोरंजक कंटेंट भी देता है तो अब मैं सोच रही हूं कि अब काम पर वापस जाने का समय आ गया है इसलिए मैं सोच रही हूं कि मुझे किस शो का हिस्सा बनना चाहिए और मैं जल्द ही इसकी घोषणा करूंगी।

क्लासमेट स्पेल बी के 11वें संस्करण से जुड़ने पर उन्होंने कहा, मैं अंग्रेजी को भाषा के तौर पर पसंद करती हूं। मैं अंग्रेजी भाषा की संभावनाओं को प्रतिदिन बढ़ता महसूस कर रही हूं। हाल ही में, चूड़ियां, अइयो जैसे भारतीय शब्दों को ऑक्सफोर्ड अंग्रेजी डिक्शनरी में जगह मिली तो धीरे से यह हिंदी और अन्य सभी भारतीय भाषाओं भी बढ़ रही हैं, यह बहुत मजेदार है और यह लगातार विकसित हो रहा है। सोहा आखिरी बार तिग्मांशु धूलिया की फिल्म साहेब, बीवी और गैंगस्टर 3 में नजर आई थीं।

## लिली सिंह के साथ काम कर खुश हैं प्राजकता कोली

यूट्यूबर प्राजकता कोली यूट्यूब सेंसेशन लिली सिंह के साथ काम करने का मौका पाकर बेहद खुश हैं। दोनों एक कॉमिक वीडियो के लिए साथ आई हैं जो गुरुवार को अपलोड किया गया। इसमें दिखाया गया है कि जब पुराने दोस्त लंबे अरसे बाद मिलते हैं तो क्या होता है। प्राजकता ने कहा, ''लिली गर्मजोशी से भरपूर खुशमिजाज महिला हैं। यह एक सहयोगपूर्ण वीडियो है जिसमें उन्होंने अपने आइडिया दिए हैं और काफी सक्रिय रही हैं।'' यूट्यूब पर मोस्टलीसेन नाम से मशहूर प्राजकता ने कहा, ''हमारा इंटरनेट परिवार इस वीडियो का इंतजार कर रहा था।'' प्राजकता ने लिली के साथ काम करने की खुशी इंस्टाग्राम पर भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि उन्होंने लिली के साथ काम किया है।

## ऐक्टिंग में लव स्टोरी से कमबैक करेंगे हिमेश रेशमिया

ऐक्टर के तौर पर अपना कमबैक को तैयार हैं। वह मैं जहां रहूं नाम की फिल्म में नजर आएंगे। यह टाइटल फिल्म नमस्ते लंदन के एक गाने से लिया गया है जिसे हिमेश ने ही कंपोज किया था। फिल्म के ऐल्बम के लिए जावेद अख्तर के साथ हिमेश मिलकर काम कर रहे हैं। फिल्म से डायरेक्शन की दुनिया में डेब्यू करने जा रहे राजेश सेठी ने बताया, दोनों के 7 रोमांटिक ट्रैक्स पूरे हो चुके हैं। लीड ऐक्ट्रेस और बाकी कास्ट पर काम चल रहा है। 27 सितंबर से हम शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म के बारे में बात करते हुए हिमेश ने कहा, नमस्ते लंदन बेहतरीन अनुभव था और उसी तरह यह भी लव स्टोरी है। जावेद साहब की लिरिक्स जादुई है। मुझे कंपोज और रिकॉर्ड करने में एक साल लग गए लेकिन मुझे मालूम है कि हर गाना उन सभी के साथ कनेक्ट करेगा जो प्यार में हैं या रहे हैं।

यह पहला मौका होगा जब ऐक्टर के तौर पर यह हिमेश की प्योर लव स्टोरी फिल्म होगी। फिल्म के लिए उन्होंने राजेश के साथ वर्कशॉप्स भी शुरू कर दी हैं। हिमेश ने आगे कहा, राजेश जी ने सेंसिटिव स्टोरी तैयार की है जो कि रियल घटनाओं पर आधारित है। हम यूके और दिल्ली में शूट करेंगे।



**फिल्म के ऐल्बम के लिए जावेद अख्तर के साथ हिमेश मिलकर काम कर रहे हैं। फिल्म से डायरेक्शन की दुनिया में डेब्यू करने जा रहे राजेश सेठी ने बताया, दोनों के 7 रोमांटिक ट्रैक्स पूरे हो चुके हैं।**